C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:57 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 156 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 12 दिसंबर 2024



जब श्रीदेवी के साथ सीन करने पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### नशे के इंजेक्शन समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने एक युवक को नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। अरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस कर्मी क्षेत्र में गत पर थे। पुलिस जब ताज मस्जिद के पास पहुंची, तभी उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसकी तलाशी ली गई तो उसके हाथ में मिले बैग से नशे के 18 इंजेक्श बरामद हुए। पकड़े गए युवक ने अपना अब्दुल्ला हसन निवासी इन्द्रानगर, छोटी रोड, थाना बनभूलपुरा बताया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### महिला पर हमला करने वाला बाघ पिंजरे में कैद



**हल्द्वानी।** वन विभाग की टीम ने बाघ को ट्रैंक्युलाइज कर पिंजरे में कैद किया है। सिलौटी नौकुचियाताल क्षेत्र में हाल ही में वन्यजीव के हमले से 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई थी। वन विभाग को बुधवार रात क्षेत्र में बाघ के दिखाई देने की सूचना मिली। इसके बाद वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई की और बाघ को ट्रैंक्युलाइज कर पिंजरे में बंद कर लिया। बाघ को रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी से लोगों में दहशत व्याप्त थी। वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर गश्त बढ़ा दी थी। वन विभाग की टीम में करीब 30 कर्मचारी शामिल थे। महिला के घटनास्थल से खून और बाल के सैंपल लेकर देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान भेजे गए थे। अब बाघ के सैंपल महिला के सैंपल से मिलाए जाएंगे ताकि यह पुष्टि हो सके कि इनमें से कौन सा वन्यजीव महिला की मौत का कारण बना।

## रैन बसेरे में न तो महिलाओं के लिए शौचालय व न अलग सोने की व्यवस्था

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में बना रैन बसेरा साल में हजार से ज्यादा बेसहारा लोगों का सहारा बनता है जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं लेकिन यहां महिलाओं के रहने के लिए व्यवस्थाएं सही नहीं हैं। रैन बसेरे में न तो महिलाओं के लिए अलग शौंचालय है और ना ही महिलाओं के लिए रैन बसेरे में बैड लगाए गए हैं जबकि पुरूषों के लिए सात बैड लगाए गए हैं वहीं महिलाओं के लिए प्लाई लगाकर बनाया गया कमरा भी क्षतिग्रस्त है। बता दें कि प्रदेश में मौसम विभाग की ओर से बारिश व बर्फ बारी के साथ ही ठंड बढ़ने की चेतावनी को देखते हुए सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को रैनबसेरों में पर्याप्त सुविधा जुटाने के साथ ही जरूरतमंद लोगों को रजाई तथा कंबल वितरित करने के निर्देश दिए थे लेकिन नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में बेसहारा लोगों के लिए बने रैनबसेरे को ही सहारे की आवश्यक्ता है। मल्लीताल में बने रैन बसेरे की छत में घास जमी हुई है वहीं रैन बसेरे के आसपास साफ -सफाई भी नहीं है जबकि रैन बसेरे के अंदर महिलाओं और पुरूषों के लिए एक ही बाथरूम बना हुआ है वहीं रैन बसेरे में पुरूषों के लिए सात बैड लगाए गए हैं जबकि महिलाओं के सोने की व्यवस्था जमीन में की गई है। इसके अलावा महिलाओं के लिए बने कमरे में लगाई गई प्लाई भी नीचे से टूटी हुई हैं जिससे कोई भी कमरे में झांक सकता है, हालांकि रैन बसेरे में पुरूषों के रहने के लिए व्यवस्थाएं सही हैं। मामले में नगर पालिका के केयर टेकर मोहन टम्टा ने बताया कि रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों के लिए पर्याप्त बिस्तर है, साथ ही ठंड से बचने के लिए हीटर भी कमरे में लगाए गए हैं, साथ ही बाथरूम में गीजर भी लगाया है। एक बाथरूम होने से रूकने वालों को थोड़ा दिक्कतें होती हैं वहीं बरसात में कमरे में सीलन होती है।

मामले में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी का कहना है कि रैन बसेरे का निरीक्षण किया गया है। महिलाओं के सोने के लिए पर्याप्त बैड लिए लगाए जा रहे हैं साथ ही रैन बसेरे की मरम्मत के लिए स्टीमेट बनाया गया है। जल्द ही मरम्मत कर रैन बसेरे में पर्याप्त व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी।

**नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़**

## दंतेवाड़ा में 12 माओवादी ढेर

**नई दिल्ली/जगदलपुर**

एजेंसी



दंतेवाड़ा में डीआरजी, एसटीएफ-सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी के साथ नक्सलियों के मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 12 वर्दीधारी नक्सली मारे गए। सुबह तीन बजे से संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ जारी है।

दंतेवाड़ा जिले के सीमा में गुरुवार की सुबह नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों ओर से रुक-रुककर गोलियां अभी भी चल रही हैं।

अब तक मुठभेड़ में 12 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। पुलिस नक्सलियों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। बताया जा रहा है कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ-सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। जहां गुरुवार की सुबह तीन बजे से संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है। वहीं, नक्सलियों के द्वारा की जा रही गोलीबारी का पुलिस जवानों के द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है।

## पहाड़ों की बर्फीली हवा का असर मैदानी इलाकों तक

**नई दिल्ली**

हमारे संवाददाता

पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिल रहा है। दिल्ली के तापमान में आज गिरावट दर्ज की गई है। आज आयानगर में न्यूनतम तापमान 3.8 सेल्सियस तक पहुंच गया है। सफदरजंग में पारा 4.9 सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में न्यूनतम तापमान चार से छह डिग्री रहने का अनुमान है।

वहीं, दिल्ली में 28 साल बाद 11 दिसंबर की सुबह लोगों को शीतलहर ने सताया। इस दौरान मंगलवार के मुकाबले पांच डिग्री कम न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 3.8 डिग्री सेल्सियस तापमान आया नगर में दर्ज किया गया।

इससे पहले 11 दिसंबर, 1996 को 2.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। सफदरजंग वेधशाला में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 27 दिसंबर, 1930 को 0.0 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विभाग का मानना है कि तापमान में अचानक गिरावट का कारण हिमालय से आने वाली ठंडी हवाएं हैं। पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने से हवा का प्रवाह बदला है। तापमान में कमी आई है। वहीं, अधिकतम तापमान भी सामान्य से दो डिग्री नीचे रहा, जो 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसमें 24 घंटे के भीतर 2 डिग्री की कमी दर्ज की गई। मैदानी क्षेत्रों में जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री व इससे नीचे होने के साथ सामान्य से 4.5-6.4 डिग्री सेल्सियस कम होता है तो शीत लहर होती है। वहीं, सामान्य से 6.5 या इससे कम होने पर गंभीर स्तर की ठंड रहती है।

अगर तापमान 4 डिग्री सेल्सियस या इससे नीचे चला जाता है तो इसे भी शीत लहर माना जाता है। वहीं, 2 डिग्री सेल्सियस पर गंभीर स्तर की शीत लहर होती है।




## ब्रिटेन में सड़क हादसे में भारतीय छात्र की मौत, चार की हालत गंभीर

**हादसा**

- तीन अन्य यात्री और चालक को अस्पताल ले जाया गया

**लंदन, एजेंसी।** पूर्वी इंग्लैंड के लीसेस्टरशायर में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

लीसेस्टरशायर की पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार सुबह हुआ, जिसमें एक कार के खाई में गिर जाने से उसमें सवार चिरंजीवी पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला, दो पुरुष और चालक घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक (27) को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, चिरंजीवी पंगुलुरी (32), माजदा-3 तमुरा में सवार होकर लीसेस्टर से मार्केट हार्बरो की ओर जा रहे थे, तभी यह वाहन एक खाई में जा गिरा। बयान में कहा गया कि पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई। वाहन में सवार तीन अन्य यात्री और चालक को अस्पताल ले जाया गया। दो पुरुष यात्री गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग आंध्र प्रदेश से हैं।

## अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो लोगों की उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो लोगों की एसटीएच में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा निवासी 45 वर्षीय गीता पत्नी जगदीश चन्द्र बीते दिवस जानवरों के लिए चारा पत्ती काटने पेड़ पर चढ़ी हुई थी। बताया जाता है कि इस बीच वह असंतुलित हो गई और जमीन पर आ गिरी। जिसे गंभीरावस्था में नजदीक चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल रैफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

वहीं विषपान से गंभीर बुजुर्ग की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि मल्लीताल नैनीताल निवासी 62 वर्षीय आन सिंह लंबे समय से किसी बीमारी से जूझ रहे थे। परिजनों के अनुसार बीते दिवस उन्होंने दवाई के धोखे में कीटनाशक का सेवन कर लिया। उन्हें भी हालत बिगड़ने पर एसटीएच भर्ती कराया गया। जहां उन्होंने ने भी दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पीआरडी जवानों की बेटियों की शादी के लिए मिलेंगे 50 हजार

**देहरादून**

हमारे संवाददाता



युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा,अब महिला जवानों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा और इस दौरान कोई वेतन कटौती भी नहीं होगी। पीआरडी जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाएगी।

प्रांतीय रक्षक दल के जवानों की बेटियों की शादी में सरकार 50 हजार रुपये की सहायता देगी। वहीं, सेवानिवृत्त जवानों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए जल्द एक केंद्र शुरू किया जाएगा। युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने प्रांतीय रक्षक दल के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने रैतिक परेड की सलामी ली। मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता के रूप में 14 लाख रुपये के चेक दिए।

युवा कल्याण निदेशालय मैदान ननूरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय मंत्री ने कहा, चाहे चुनाव हो या चारधाम यात्रा या फिर कहीं कानून व्यवस्था की समस्या हो, हर जगह पीआरडी के जवानों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। अगले साल राज्य का रजत जयंती स्थापना वर्ष है। इसमें भी पीआरडी जवानों की भागीदारी अहम होगी। उन्होंने कहा, सरकार ने पीआरडी जवानों के हित में वे फैसले किए जिनकी लंबे समय से मांग की जा रही थी। पीआरडी एक्ट में संशोधन करके सरकार ने सेवा की आयु सीमा 18 से 60 वर्ष की। उनके मानदेय को भी बढ़ाकर 650 रुपये प्रतिदिन किया गया है।

युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा, 2027 से पहले पीआरडी के जवानों का फिर से मानदेय बढ़ाया जाएगा। मंत्री ने कहा, पहले महिला पीआरडी जवानों को मातृत्व अवकाश नहीं मिलता था, लेकिन सरकार ने एक्ट में संशोधन करके मातृत्व अवकाश की व्यवस्था की है।

अब महिला जवानों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा और इस दौरान कोई वेतन कटौती भी नहीं होगी। पीआरडी जवानों के बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। कार्यक्रम में विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल, उपनिदेशक शक्ति सिंह, राजेश ममगाई आदि मौजूद रहे।

# वेंटिलेशन न होने पर अंगीठी व ब्लोअर से बचें

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बर्फबारी के बाद अब नैनीताल समेत पर्वतीय इलाकों में ठंड बढने से अग्निशमन विभाग के लिए चुनौतियां भी बढ़ गई हैं। दूसरी ओर विभाग की ओर से लोगों से बंद कमरे में अंगीठी जलाकर देर तक नहीं बैठने तथा न सोने की अपील की जा रही है। चेतावनी दी जा रही है कि अगर कमरे में वेंटिलेशन की सही व्यवस्था न होने पर अंगीठी व ब्लोअर से बचें।

बता दें कि नैनीताल में सोमवार को हुई बारिश व बर्फबारी के बाद शहर में ठंड बढ़ गई है जिससे बचने के लिए लोग घरों में ब्लोअर या अंगीठी की गर्माहट के सहारा ले रहे हैं लेकिन कई लोग घरों के अंदर बंद कमरे में अंगीठी या ब्लोअर जलाते हैं।

बीते वर्षों में घरों में आग लगने की घटना के साथ ही दम घुटने से लोगों की मौत के मामले सामने आये हैं। जिसको देखते हुए अग्निशमन विभाग की ओर से लोगों को जाड़े के दौरान विशेष ध्यान देने की अपील की जा रही है। जिला मुख्यालय नैनीताल के एफ एसओ किशोर उपाध्याय ने बताया कि लोगों को अंगीठी सेंकने के बाद सावधानी से उसको बाहर रखना चाहिए या बुझा देना चाहिए, साथ ही ब्लोअर या हीटर भी ऑफ कर के ही सोना चाहिए। कहा कि घर से बाहर जाते समय भी हीटर और ब्लोअर को आफ कर घर से निकलना चाहिए। छोटी सी भूल या लापरवाही के चलते कई बड़े हादसे हो सकते हैं।

राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि बंद कमरे में जहां वेंटिलेशन की सही व्यवस्था ना हो अंगीठी जलाकर देर तक बैठना या सोना खतरनाक हो सकता है। बंद कमरे के अंदर ब्लोवर या अंगीठी जलाने से कमरे में ऑक्सीजन का स्तर धीरे- धीरे कम होने लगता है।

कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ने लगता है जिससे कमरे में बैठे या सो रहे व्यक्ति का दम घुट सकता है। वह बेहोश हो सकता है जिससे उसकी मौत भी हो सकती है।



### पालिका परिषद प्रशासन ने चौराहों पर जलाए अलाव

*नैनीताल। नैनीताल में सोमवार को हुए मौसम के पहले हिमपात के बाद ठंड ने जोर पकड़ लिया है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए अब नगर पालिका परिषद प्रशासन ने नगर के विभिन्न मुख्य चौराहों में अब शाम के वक्त अलाव जलाना शुरु कर दिया है। बता दें अलाव जलने की वजह से न केवल स्थानीय लोगों अपितु नैनीताल भ्रमण पर पहुंच रहे पर्यटकों को भी शाम के वक्त काफी राहत मिल रही हैं। इन दिनों शाम होते हुए लोग पालिका की ओर से जलाए जाने वाले अलाव का इंतजार करते नजर आ रहे हैं।*

## चैकिंग के दौरान अवैध शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से चैकिंग अभियान के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध शराब बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किय गया। मुखानी थाना पुलिस को क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति ईसाई नगर क्षेत्र में कच्ची शराब बेचने जा रहा है। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास मिले कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें 78 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। आरोपी की पहचान मक्खन सिंह निवासी ककराला, पोस्ट गूलरभोज थाना गदरपुर के रूप में हुई है। वहीं मंडी पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग के दौरान पीडब्लूडी गेट के पास किशन लाल निवासी बरेली रोड तल्ली रोडवेशी शराब के 80 पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है।

## वर्कशॉप से रोडवेज बसों को बिना सफाई के ही भेज रहे, यात्री परेशान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

रोडवेज बस सेवा की खराब स्थिति ने न केवल यात्रियों बल्कि बसों के चालकों और परिचालकों को भी परेशानी में डाल दिया है। इन बसों की नियमित धुलाई नहीं होने के कारण बसों के अंदर और बाहर गंदगी देखने को मिल रही है जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



जानकारी के मुताबिक वर्कशॉप से बसों को बिना सफाई के ही सड़कों पर भेजा जा रहा है जिससे न केवल रोडवेज बसों की छवि धूमिल हो रही है बल्कि सफ र करना भी मुश्किल हो रहा है। बसों में फैली गंदगी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। बिना साफ की गई बसों में बैठने से जहाँ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं वहीं यात्रियों को चिपचिपाहट और गन्दगी से भी जूझना पड़ता है। नाम न छापने की शर्त पर एक बस परिचालक ने कहा कि हमारे पास बसों को साफ करने का कोई समय नहीं होता। वर्क शॉप से बसों को आते ही बिना किसी सफ ाई के हमें उन्हें चलाने के लिए दे दिया जाता है। यह स्थिति हमारे लिए भी असहज है। कहा कि बस की खिड़कियों से बाहर की गन्दगी अंदर आ रही है,जो यात्रियों की यात्रा को कठिन बना देती है। रोडवेज प्रबंधन को इस मामले में जल्द सुधार करना चाहिए,कहा कि जब तक नियमित सफ ाई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती तब तक यात्रियों और कर्मचारियों के लिए यह गन्दगी की समस्या बनी रहेगी। मामले में काठगोदाम डिपो के एआरएम राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि धुलाई सेंटर में नई बिल्डिंग का निर्माण होने के कारण बसों की धुलाई नहीं हो पा रही है। सफ ाई की व्यवस्था के लिए बसों को हल्द्वानी धुलाई सेंटर भेजा जाएगा।

## नेशनल असोसिएशन फॉर ब्लाइंड संस्था में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मानवधिकार दिवस के उपलक्ष्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी द्वारा बालकों को कानूनी सेवा हेतु गठित इकाई के सदस्य/अधिकार मित्र कैलाश चंद्र जोशीत था ओम श्री हस्त अहि, मालिक मोहम्मद रफ ी के साथ नेशनल असोसिएशन फॉर ब्लाइंड संस्था में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में बच्चों द्वारा को कानूनी विषय पर जानकारी देने के साथ साथ मेहनत कर के जीवन में आगे बढ़ने के लिए उत्प्रेरित किया।

बालकों के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओंएंकानूनोंएके बारे में अवगत कराने के साथ साथ अधिकारों एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में संस्था की मुखिया, शिक्षिका कुमारी दीपा एवं काउंसलर आदि भी उपस्थित रहे। संचालन कैलाश चंद्र जोशी द्वारा किया गया।

## नर्सिंग ऑफिसर का एक पद भी रिक्त रखने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जनपद देहरादून की ग्राम बख्तावरपुर ग्रांट निवासी निशा रमोला द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया कि उसने वर्ष 2013 में शहीद बाबा दीप सिंह नर्सिंग कॉलेज हरियाणा से जीएनएम कोर्स किया, जिसके आधार पर हरियाणा नर्सिंग काउंसिल द्वारा उसे रजिस्टर्ड नर्स एंड मिडवाइफ के रूप में पंजीकृत कर दिया गया था और उसी के आधार पर वह वर्ष 2013 से ही देहरादून स्थित महंत इंद्रेश हॉस्पिटल में बतौर स्टाफ नर्स कार्यरत है।

याचिका में कहा गया कि 11 मार्च 2024 को उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रदेश के मेडिकल कॉलेज एवं कैंसर इंस्टिट्यूट में रिक्त 1455 पदों को भरे जाने हेतु विज्ञप्ति जारी की गई जिसके लिए याचिकाकर्ता द्वारा भी आवेदन किया गया किंतु मेडिकल सर्विस सेलेक्शन बोर्ड द्वारा 18 सितंबर को उसका अभ्यर्थन इस आधार पर निरस्त कर दिया गया कि उसके पास आवेदन करने की अंतिम तिथि को उत्तराखंड नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण संबंधी प्रमाण पत्र नहीं था।

याचिकाकर्ता द्वारा इस आदेश को चुनौती देते हुए कहा गया कि उसने विज्ञप्ति जारी होने से एक माह पूर्व ही उत्तराखंड नर्सिंग काउंसिल को अपना पंजीकरण हरियाणा से उत्तराखंड में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था लेकिन इंडियन नर्सिंग काउंसिल एवं हरियाणा नर्सिंग काउंसिल द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने में अत्यधिक विलंब किया गया जिस कारण उत्तराखंड नर्सिंग काउंसिल द्वारा उसे जुलाई माह में पंजीकृत किया गया जिसमें उसकी कोई गलती नहीं है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रदेश सरकार सहित मेडिकल सर्विस सेलेक्शन बोर्ड को मामले में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं साथ ही डिप्लोमा कोटे के नर्सिंग ऑफिसर का एक पद भी रिक्त रखने के निर्देश दिए हैं।

### नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायलय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## NEWS / फटाफट

### दस दिन के भीतर राज्य सरकार को अपना प्रत्यावेदन दें

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून जिले के प्रतीत नगर ग्राम सभा के ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों में की गई अनियमितताओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता से कहा है कि वे पहले दस दिन के भीतर राज्य सरकार को अपना प्रत्यावेदन दें, उस प्रत्यावेदन पर राज्य सरकार निर्णय लेकर उसमें हुई अनियमितताओं की जाँच करके आगे की कार्यवाही शुरू करें। मामले के अनुसार देहरादून जिले के प्रतीत नगर निवासी व सामाजिक कार्यकर्ता इलम सिंह राणा द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि प्रतीत नगर के ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों में अनियमितता कर 18 लाख रु का गबन किया गया है। कई बार शिकायत के बाद पूर्व में हुई जांच में ग्राम प्रधान द्वारा 18 लाख का घोटाला सामने आने के बावजूद ग्राम प्रधान पर राज्य सरकार की तरफ से उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गई। जिसकी वजह से उनको न्यायलय की शरण लेनी पड़ी, जनहित याचिका में उन्होंने कोर्ट से अनुरोध कर कहा है कि मामले की जाँच करके घोटालेबाजों के खिलाफ कार्यवाही की जाय। घोटाले की रकम को वसूला जाय,उसे ग्राम सभा के विकास कार्यों में लगाया जाय।

### 36 बच्चों को स्वेटर व टोपी वितरित की

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भूमियाधार में अध्ययनरत 36 बच्चों को राष्ट्रीय सेवा संघ के जिला सलाहकार व सहयोग वस्त्रालय हल्द्वानी के प्रकाश चन्द्र नौटियाल द्वारा ठंड से बचाव के लिए स्वेटर व टोपी वितरित की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा संघ के संस्थापक हिमांशु जोशी तथा सदस्य विजय कार्की उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका बीना पाण्डे ने राष्ट्रीय सेवा संघ के पदाधिकारियों तथा प्रकाश चन्द्र नौटियाल का विशेष आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डीएलएड प्रशिक्षु राजन सिंह बिष्ट, जानकी, मालती, कला, हेमा, दिव्या, सरिता, लीला, बबीता तथा ज्योति आदि उपस्थित रहे।

### खाद्य आपूर्ति विभाग ने राशन सप्लाई की तैयारियां शुरू

**नैनीताल।** नैनीताल समेत अधिकांश पर्वतीय इलाकों में बीते दिनों हुई बर्फ बारी को देखते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग ने राशन की सप्लाई को लेकर प्राथमिकता से तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग ने जनवरी और फ रवरी माह के लिए राशन की डिमांड आरएफसी को भेज दी है। बता दें कि विभाग ने विशेष रूप से गेहूं और चावल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाई है ताकि बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में राशन की कमी न हो। वर्तमान में राशन कार्ड धारकों को दिसंबर माह का कोटा वितरित किया जा रहा है और इन राशन की सामग्री को उन इलाकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है जहाँ मौसम के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं। इसके अलावा खाद्य आपूर्ति विभाग ने संभावित विपरीत परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने वितरण नेटवर्क को सक्रिय रखा है ताकि बर्फबारी के दौरान किसी भी प्रकार की राशन की कमी न हो। विभाग ने यह भी कहा कि इस साल विशेष ध्यान दिया जाएगा कि सभी जरूरतमंदों तक राशन समय पर पहुँच सके चाहे मौसम कैसा भी हो। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय चन्द्र जोशी ने बताया कि आगामी बर्फ बारी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। जोशी ने कहा कि आरएफ सी से दो महीने के एडवांस में गेहूं और चावल की मांग की जा चुकी है ताकि बर्फबारी के दौरान खाद्यान्न की कोई कमी न हो और जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पर्यटक की आईडी न लेना गेस्ट हाउस संचालक को पड़ा महंगा

**नैनीताल।** नगर के एक गेस्ट हाउस में पर्यटक की आईडी नहीं लेने व उसकी कोई जानकारी नहीं रखना गेस्ट हाउस संचालक को काफी महंगा पड़ गया। पुलिस ने गैस्ट हाउस संचालक के खिलाफ पांच हजार रुपएं की चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि एसएसपी के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस ने तल्लीताल क्षेत्र के होम स्टे व गैस्ट हाउसों में चैकिंग अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा के नेतृत्व में पुलिस ने कॉलेज के समीप बने गेस्ट हॉउस व होम स्टे का निरीक्षण किया। इस दौरान कॉलेज के समीप व्हाइट हाउस नामक गैस्ट हाउस में संचालक की ओर से वहां ठहरने वाले कस्टमर की आईडी नहीं ली गई थी और ना ही उनकी कोई जानकारी अंकित की थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई कर डाली। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि व्हाइट हॉउस गैस्ट हाउस के संचालक निर्भय प्रताप के खिलाफ पांच हजार रुपएं की नकद चालानी कार्रवाई की गई है।

### लापता युवती अपने प्रेमी के साथ गुड़गांव में मिली

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र से लापता युवती अपने प्रेमी युवक के साथ गुडगांव में मिली। परिजनों की ओर से कार्रवाई न चाहने की मांग पर पुलिस ने युवती को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार बीते सप्ताह तल्लीताल क्षेत्र से एक युवती लापता हो गई थी। युवती के घर न लौटने पर युवती के परिजनों की ओर से गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू की। मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज की मदद से तल्लीताल पुलिस ने युवती को गुडगांव में एक युवक के साथ खोज लिया। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि युवती व युवक बालिग हैं। युवती ने युवक से शादी करने की बात कही है। परिजनों की ओर से भी अब कोई कार्रवाई नहीं चाही जा रही है, जिसके चलते युवती को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### तेजी से वाहन चलाने के आरोपी को दोषमुक्त करार

**नैनीताल।** न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रथम अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रुचिका गोयल की अदालत ने लापरवाही व तेजी से वाहन चलाने के आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 अक्टूबर 2019 को भवाली अल्मोड़ा मोटर मार्ग में पाडली के पास एक स्कूटी पलट गई थी जिसे मनोज डंगवाल निवासी जाखन देवी अल्मोड़ा चला रहा था जबकि स्कूटी के पीछे गौरव भंडारी बैठा था, जिसकी नदी में गिरने से मौत हो गई। इस मामले में मनोज डंगवाल के खिलाफ लापरवाही व तेजी से स्कूटी चलाने के आरोप में भवाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इन आरोपों से मनोज डंगवाल की ओर से इंकार किया गया तथा बताया कि पहाड़ी से मलवा आने से स्कूटी अनियंत्रित हुई जिसमें स्कूटी पलटी और वह स्वयं भी घायल हुआ। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया। आरोपी चालक की ओर से अधिवक्ता नवीन चंद्र ने पैरवी की।

# अभिमत

## क्षमता पर प्रश्नचिह्न

***पिछले एक साल से जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी निकाय का कार्यभार संभाले हुए हैं। अब पंचायतों में भी प्रशासक तैनात कर दिये गये हैं। राज्य में केन्द्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं, लेकिन स्थानीय निकाय और पंचायत के चुनाव टालने से विपक्ष को सरकार की क्षमता पर सवाल उठाने का मौका मिल रहा है। निकाय चुनाव नहीं कराने का मामला हाईकोर्ट में भी पहुंचा। उच्च न्यायालय ने सरकार से जवाब तलब किया।***

वर्ष 2022 में उत्तराखंड विधानसभा के चुनाव में मतदाता ने भाजपा को पुनः सत्ता सौंपकर कांग्रेस को मौका नहीं दिया। इसके बाद वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में केन्द्र में तीसरी बार भाजपा को सत्तारूढ़ किया। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में डबल इंजन की सरकार में राज्य के समग्र विकास का दावा करके वोट मांगे गये। केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार के साथ ही निकाय और पंचायत के चुनाव में ज्यादातर सीटें भाजपा को जिताकर तीन और चार इंजन की सरकार बनाकर राज्य में महानगर से लेकर गांव और सुदूर पर्वतीय क्षेत्र तक विकास कार्य का मौका दिया। वर्ष 2022 में पुनः सत्तारूढ़ हुई भाजपा सरकार ने स्थानीय निकायों का चुनाव नहीं कराया। कार्यकाल पूरा होने पर छह माह के लिए प्रशासकों की नियुक्ति की गई। छह माह में चुनाव नहीं कराये और पुनः प्रशासक नियुक्त कर दिये। पिछले एक साल से जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी निकाय का कार्यभार संभाले हुए हैं। अब पंचायतों में भी प्रशासक तैनात कर दिये गये हैं। राज्य में केन्द्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं, लेकिन स्थानीय निकाय और पंचायत के चुनाव टालने से विपक्ष को सरकार की क्षमता पर सवाल उठाने का मौका मिल रहा है। निकाय चुनाव नहीं कराने का मामला हाईकोर्ट में भी पहुंचा। उच्च न्यायालय ने सरकार से जवाब तलब किया। पिछले साल दिसंबर में स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त हो गया था। कार्यकाल खत्म होने से पहले चुनाव नहीं कराने का कारण ओबीसी आरक्षण नहीं होना बताया गया था और छह माह में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही गई थी, लेकिन छह माह तक प्रशासक कार्यभार देखते रहे और पुनः छह माह के लिए प्रशासकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई। अब पंचायत चुनाव नहीं कराने की वजह ओबीसी आरक्षण तय नहीं होना बताया जा रहा है। विपक्ष निकाय चुनाव जल्द से जल्द कराने की मांग कर रहा है। पंचायतों के चुनाव नहीं कराने पर विपक्ष को एक और मुद्दा मिल गया है। केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में जीत के बाद राज्य सरकार और भाजपा संगठन उत्साहित है। भाजपा संगठन प्रदेश से लेकर जिला, तहसील, ब्लाक, गांव और वार्ड स्तर तक सक्रिय है। लोकसभा चुनाव में राज्य की पांचों सीटों पर भाजपा विजयी हुई थी। विधानसभा में भी पूर्ण बहुमत है। सभी परिस्थितियां अनुकूल होने के बाद निकाय और पंचायत चुनाव से मुंह मोड़ने की वजह समझ से परे है।

# 19वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरु

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासन ने 16 दिसंबर (सोमवार) को होने जा रहे 19वें दीक्षांत समारोह की प्राथमिकता से तैयारियां शुरु कर दी हैं। इसी के मद्देनजर बुधवार को विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित ए.एन.सिंह प्रेक्षागृह का बारिकी से निरीक्षण कर दीक्षांत समारोह की प्रारंभिक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों व कर्मियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए।



कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि दीक्षांत समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से मंच सज्जा तथा सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समारोह में किसी भी तरह की कोई कमी न रहे,कहा कि समारोह की कामयाबी को लेकर संबंधित अधिकारी अपने सुझाव दे सकते हैं ताकि उन पर प्राथमिकता से विचार कर समारोह को भव्य बनाया जा सके। इस अवसर पर निदेशक डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ललित तिवारी, डॉ. विजय कुमार, सहायक अभियंता संजय पंत आदि कर्मी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय का 19वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण आयोजन है जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्यपाल द्वारा उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत के मुताबिक दीक्षांत समारोह से पूर्व यानी 15 दिसंबर (रविवार) को अपराह्न 2 बजे पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभी संबंधित व्यवस्थाओं की भी विस्तार से अंतिम रुप से समीक्षा की जाएगी ताकि मुख्य कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके।

कुमाऊँ विवि के डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा के मुताबिक 16 दिसंबर (सोमवार) को आयोजित होने जा रहे 19वें दीक्षांत समारोह के मद्देनजर डीएसबी परिसर के सभी विभाग व संकाय रविवार (15 दिसंबर) को यथावत खुले रहेंगे। मामले को लेकर प्रो.शर्मा की ओर से समस्त संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, पुस्तकालयाध्यक्षों, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, कुलानुशासक, छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका तथा सहायक लेखाधिकारी को भी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रो.शर्मा ने कहा है कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों के सफल संचाल व तैयारियों के मद्देनजर यह निर्देश दिए गए हैं। कहा कि रविवार की छुट्टी वाले अवकाश को भविष्य में समायोजित कर लिया जाएगा।

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि इस सम्पत्ति की पुरानी रजिस्ट्री खो गयी है जिसका खाता संख्या 2 खेत 21 मध्य 4 नाली 8 मुट्ठी (0.090 हैक्टर भूमि विशारदगंज रामगढ़ तहसील नैनीताल स्थित भूमि चन्दन सिंह पुत्र शेर सिंह से खरीदी गयी। जिसका पंजीयन 13.12.18 उप निबंधक कार्यालय नैनीताल में पंजीकृत है। उक्त भूमि के चैन ऑफ़ टाइटल की निम्न विक्रय पत्र कहीं खो गया है। जिसकी सिमाये पूर्व में रास्ता, पश्चिम में खेत नंबर 21मध्य का भाग, उत्तर में खेत संख्या 5 एवं 21 का भाग दक्षिण में रास्ता स्थित है। विक्रय पत्र दिनांक 29.12.16 जो कि विक्रेता नरेन्द्र सिंह एवं संजय सिंह पुत्र आन सिंह क्रेता चन्दन सिंह पुत्र शेर सिंह द्वारा निष्पादित है। उपरोक्त रजिस्ट्री का उपयोग किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा संस्था द्वारा पूर्णतः अवैध माना जायेगा। उक्त वर्णित सम्पत्ति उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा दमुआढूंगा, पनचक्की, हल्द्वानी में ऋण विरुद्ध शाम्य मुलक बंधक की जा रहीं है। अगर किसी को आपत्ति हों तो शाखा दमुआढूंगा में लिखित तुरंत सम्पर्क करें। **-प्रार्थी आशीष गुप्ता पुत्र श्री शशिकांत गुप्ता, ठंडी सड़क तिकोनिया हल्द्वानी फोनः- 05946-220263**

# टैक्सी बाइक संचालन की अनुमति देने की मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में टैक्सी बाइक योजना के तहत टैक्सी संचालन कर रहे युवाओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री के सचिव व कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उन्हें टैक्सी बाइक संचालन की अनुमति दिए जाने की मांग की गई।



बता दें कि जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट के वर्ष 2017 के एक आदेश को आधार मानकर वर्ष 2017 के बाद नैनीताल में संचालित टैक्सी बाईक वाहनों को रोकने का निर्णय लिया है जिससे टैक्सी बाइक चालक भी प्रभावित हो रहे हैं । मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तराखंड के स्थाई निवासियों ने बाईक टैक्सी योजना से प्रेरित होकर स्वरोजगार के रूप में टैक्सी बाइक खरीदी और वे इससे अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन के हाल में लिए गए निर्णय से उनके सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो रहा है । उन्होंने कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत से टैक्सी बाईकों को नैनीताल शहर मे चलने की अनुमति दिलवाने की मांग की साथ ही उनके माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को ज्ञापन भी भेजा। इस दौरान भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने कहा कि टैक्सी बाइक संचालन से स्वरोजगार के अवसर तलाश रहे प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है व अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं इसलिये नैनीताल में स्थानीय युवाओं को यह रोजगार करने की अनुमति दी जाए। कुमाऊँ आयुक्त को ज्ञापन देने वालों में मंडी समिति के नव नियुक्त सलाहकार मनोज जोशी समेत एडवोकेट व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो नितिन सिंह कार्की समेत विकास जोशी, संजय सिरोही, ललित मोहन तथा नितिन जाटव, आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## जब श्रीदेवी के साथ सीन करने पर घबराए अक्षय कुमार





*बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार श्रीदेवी के साथ शूटिंग में थोड़ा घबरा जाते थे। इस बात का खुलासा मेरी बीवी का जवाब नहीं फिल्म निर्देशक पंकज पराशर ने किया है। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार इंडस्ट्री में काफी चर्चा में रहते हैं। अक्षय कुमार अपनी फिल्मी कहानी, डायलॉग के कारण काफी चर्चा में रहते हैं। हाल ही में मेरी बीवी का जवाब नहीं डायरेक्टर पंकज पराशर ने श्रीदेवी की कुछ बातों को याद किया है। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान अक्षय कुमार बहुत नर्वस हो गए थे। श्रीदेवी ने उनसे पहले से रिहर्सल करने की सलाह भी दी थी। सिद्धार्थ खन्ना के यूट्यूब चैनल पर पंकज पराशर ने अक्षय कुमार के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि साल 1994 में अक्षय कुमार सिनेमा में नए थे। वे उन दिनों श्रीदेवी के साथ काम करने में झिझकते थे। उन दिनों श्रीदेवी बहुत बड़ी स्टार थीं। पंकज पराशर ने बताया, फिल्म की शूटिंग के दौरान एक कोर्ट रूम सीन था, जिसके अक्षय ने 36 टेक लिए थे। इसको लेकर श्री देवी अपना धैर्य खो बैठीं और उन्होंने मुझसे कहा कि अक्षय को रिहर्सल करवाओ यार। हम पहले ही 36 टेक ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे कोर्ट रूम का सीन था, कई बड़े डायलॉग्स भी वहां बोलने थे। अगर मैं मना कर देता तो ये अक्षय के आत्मविश्वास को खत्म कर देता। अक्षय ने जब अच्छा शॉट दिया तो टीम ने उनके लिए तालियां बजाईं।*

### इंडस्ट्री में काफी समय से काम करने का एक्सपीरियंस

*उन्हें इंडस्ट्री में काफी समय से काम करने का एक्सपीरियंस रहा है। अभिनेता अक्षय कुमार अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। पंकज ने इसे लेकर कहा कि वे सुबह 5 बजे उठ जाते थे और मुझे भी उठाते थे। वे मुझे योग करवाते थे। उन्होंने मुझे कुछ आसन भी सिखाए और उसे करते रहने की प्रेरणा भी दी। उनकी एनर्जी बहुत ही खास है। बता दें मेरी बीवी का जवाब नहीं की शूटिंग 1994 में हुई थी, लेकिन इसकी रिलीज में एक दशक से ज्यादा की देरी हुई।*

# चोरों ने बंद मकान खंगाला, कई लाख के जेवरात समेत नगदी उड़ाई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**घटना**

- **कालोनी के लोग पहुंचे कोतवाली,एसएसआई से मिले,रात गश्त बढ़ाने की मांग**

कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ कर कई लाख कीमती सोने, चांदी के जेवर, नगदी समेत अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। कालोनी के लोग कोतवाली पहुंचे और वह एसएसआई ललित मोहन रावल से मिले। उन्होंने रात गश्त बढ़ाने के साथ ही चोरी का खुलासा की मांग की।

विनसर विला रुद्रपुर निवासी प्रभा शर्मा समेत कालोनी के लोग मंगलवार को कोतवाली पहुंचे। उन्होंने एसएसआई से मुलाकात कर चोरी की घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह एक सप्ताह पूर्व बाहर गई थी। रविवार को वह वापस लौटी तो आवास विकास स्थित अपनी मां के घर पर चली गई। सोमवार शाम लगभग साढ़े सात बजे जब वह अपने घर विनसर विला में पहुंची तो बाहर के गेट का ताला लगा था। अंदर का ताला टूटा देख वह घबरा कर अकेले घर के अंदर जाने का साहस नहीं कर पाई। पड़ोस के लोगों को बुला कर वह अपने घर गई तो वहां अंदर सारा सामान फैल हुआ था।

चोरों ने घर के हर कमरे में रखे बेड सहित अलमारी पूरी खंगाल ली। इसकी सूचना डायल 112 पर दी। चोर घर में रखे 25 हजार सहित, गले का सोने का सेट, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, कान के झुमके, चांदी की पायल, पूजा की आरती, चांदी के नोट, सिक्के, भगवान की मूर्ति चोरी कर ले गए। उन्होंने एसएसआई से रात गश्त बढ़ाने के साथ ही चोरी का खुलासा करने की मांग की। एसएसआई ने हल्का इंचार्ज को मौके पर पहुंच जांच के निर्देश दिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही।

## News कॉर्नर

### सट्टा पर्ची और नगदी समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने सट्टा खेलने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से सट्टा पर्ची और नगदी भी बरामद हुई हुई है। आरोपी के खिलाफ गैबलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही थी। मुखबिर ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति गौला नदी के पास सट्टा लगा रहा है। इसके बाद, पुलिस टीम ने गुपचुप तरीके से क्षेत्र में गश्त शुरू की और मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर छापेमारी की और हिमांशु आर्या उर्फ हेमू निवासी राजेंद्र नगर, वार्ड नंबर 12, राजपुरा, हल्द्वानी को सट्टा खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके कब्जे से 1200 रुपये नगद, 2 सट्टा पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ भारतीय जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### दोस्त के साथ बातचीत कर रहा युवक पर नशेड़ी ने बोतल से हमला किया, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आजादनगर में दोस्त के साथ बातचीत कर रहे युवक पर नशेड़ी युवक ने बोतल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शुभम गंगवार पुत्र रामचन्द्र गंगवार निवासी आजाद नगर, वार्ड 4, ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को बताया कि 8 दिसम्बर को रात वह अपने मित्र आकाश गंगवार से बातचीत कर रहा था। तभी पास गली में रहने वाला उमेश जो शराब के नशे में था। आरोप है कि वह गालियां देने लगा। वह नहीं माना तो उसकी मां आ गयी। बाद में उमेश वापस आया और उसने उसके गले पर कांच की बोतल से हमला कर दिया। हमले में उसे गम्भीर चोट आ गई। उमेश जान से मारने की धमकी देकर अपनी मां के साथ चला गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार दो की मृत्यु, चार लोग घायल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी रोड टांडा जंगल संजय वन के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से कार में सवार 6 लोग गंभीर रूप से से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों में दो को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने गंभीर घायलों को रेफर कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। हल्द्वानी वैवाहिक कार्यक्रम से लौटते समय हादसा हुआ है। कार के भी परखच्चे उड़ गए। पुलिस के मुताबिक आवास विकास निवासी 32 वर्षीय विनोद तिवारी और 24 वर्षीय शशांक सुयाल अपने चार अन्य दोस्तों के साथ बुधवार को हल्द्वानी एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से वापस लौटते समय टाडा जंगल के संजय वन के समीप कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कार के परखच्चे उड़ गए।चीख पुकार सुनकर



**हादसा**

● हल्द्वानी में एक वैवाहिक समारोह से वापस आते समय संजय वन के पास हुआ हादसा

राहगीरों ने 108 को इसकी सूचना दी। सभी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने विनोद तिवारी और शशांक को मृत घोषित कर दिया। जबकि चार अन्य घायलों में एक की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। अन्य का उपचार चल रहा है। मौके पर पहुंची पंतनगर थाना पुलिस घटना की जानकारी ली और शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी भी पहुंच गए। उन्होंने घटना की जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक मृतकों में चालक भी शामिल हैं। परिवार में कोहराम मच गया।

# केरल के राज्यपाल आरिफ पंतनगर पहुंचे, पूर्व विधायक शुक्ला ने किया स्वागत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

केरल के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। राज्यपाल अपनी व्यक्तिगत यात्रा पर उत्तराखंड पहुंचे थे। यहां वह सितारगंज के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को भी अपने साथ आमंत्रित किया। पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि महामहिम

**आमंत्रण**

● सितारगंज में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे प्रतिभाग करने

का उत्तराखंड आगमन न केवल राज्य के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह क्षेत्र के प्रति उनकी आत्मीयता को भी उजागर करता है। उनके प्रेरणादायक व्यक्तित्व और विचारों से समाज को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।



# सिडकुल की दो कंपनियों में धधकी आग घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना पंतनगर क्षेत्र सिडकुल के सेक्टर छह स्थित बैटरी चार्ज करने वाले आरआर पैकर्स कंपनी में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने बराबर की बैटरी बनाने वाली कंपनी पायलट इंडस्ट्रीज लिमिटेड को चपेट में ले लिया। आग की सूचना पर दमकल विभाग की पहुंची टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि सिडकुल क्षेत्र पायलट इंडस्ट्रीज लिमिटेड माइक्रोटेक और अन्य कुछ कंपनियों की बैटरी बनाती है। कंपनी के बाईं ओर बैटरी कंटेनर का गोदाम और एचआर कार्यालय है। तैयार बैटरी को चार्ज करने के लिए बराबर की कंपनी आरआर पैकर्स काम करती है। पायलट ने यह गोदाम आरआर पैकर्स से किराए पर लिया है। बुधवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे कर्मचारी काम कर रहे थे। आरआर पैकर्स में अचानक धुंआ उठने लगा। धुआं उठता देख कर्मचारी बाहर आ गए और कुछ ही देर में आग धधक उठी। आग देख कंपनी में हड़कंप मच गया।

आग की सूचना दमकल विभाग को दी। बताया जा रहा है कि आग ने विकराल रूप ले लिया था और पायलट कंपनी छत से आग अंदर पकड़ लिया। बैटरी तैयार करने के लिए आए प्लास्टिक के कंटेनर्स में आग लग गई। एचआर ऑफिस सहित गोदाम में रखे भारी मात्रा में कंटेनर्स जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि कार्यालय के कंप्यूटर्स आदि भी जल गए। मौके पर पंतनगर,अग्निशमन विभाग और सिडकुल सहित सात से अधिक गाड़ियों का उपयोग कर आग पर काबू पाया गया। सिडकुल के महाप्रबंधक मनीष बिष्ट ने घटना की जानकारी ली।

# यूपी के नशे के सौदागर दबोचे,भारी मात्रा में अफीम बरामद

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने यूपी के दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से भारी मात्रा में अफीम बरामद की। पुलिस दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक दरऊ रोड खमरिया तिराहे पर एएनटीएफ टीम प्रभारी राजेश पांडेय के नेतृत्व में टीम और पुलिस की संयुक्त टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाईक दरऊ की ओर से आ रही थी। तभी पुलिस को देखकर बाईक सवार दो लोग बाईक को मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे। जिस पर पुलिस ने पीछा करके दोनों को दबोच लिया।



पुलिस पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम अरविन्द सक्सैना पुत्र रामचन्द्र सक्सैना निवासी ग्राम भरतपुर तहसील फरीदपुर जिला बरेली और दूसरे ने अपना नाम विवेक सक्सैना पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम खेडा थाना भमौरा तहसील आवला जिला बरेली बताया। उनके हाथ में पकडे थैले की तलाशी लेने में अफीम बरामद हुयी। एएसपी निहारिका तोमर ने बताया कि बरामद अफीम 2 किलो 23 ग्राम है। दोनों लंबे समय से नशे का कारोबार कर रहे हैं। अफीम सप्लाई करने आए थे। जिस व्यक्ति को देने आए थे,उसकी जांच की जा रही। दोनों के कब्जे से एक एक मोबाइल और कुल 600 रुपये की नगदी भी बरामद हुयी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। टीम में एसआई कौशल भाकुनी,हेड कांस्टेबल भुवन पांडे आदि मौजूद रहे।

# सहायक वन कर्मचारी संघ ने समस्याओं के निराकरण को बीजू लाल टीआर से विस्तार से वार्ता की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सहायक वन कर्मचारी संघ (दक्षिणी कुमाऊं वृत्त) के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु बुधवार को वन संरक्षक (दक्षिणी कुमाऊं वृत्त) बीजू लाल टीआर से विस्तार से वार्ता की।

बता दें कि संघ द्वारा मांग की गई कि आगामी फ यर सीजन में फ ील्ड कर्मचारियों को जंगलों की सुरक्षा के साथ-साथ अपनी सुरक्षा हेतु टॉर्च तथा पानी की बोतल, भोजन व्यवस्था एवं अग्निशमन उपकरण अग्निकाल शुरू होने से पूर्व उपलब्ध कराए जाएं तथा अग्निकाल में रखे जाने वाले फ यर वाचरों को ट्रेनिंग भी दी जाए। कहा कि शीतकाल में फ ील्ड कर्मचारियों को जैकेट तथा वर्दी उपलब्ध कराई जाए। कहा कि बाघ ड्यूटी में नियुक्त कर्मचारियों के आवासीय सुविधा के साथ ही भोजन तथा आवागमन की उचित व्यवस्था मुहैया की जाए एवं सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाए।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्रीय वन प्रभागों में वन दरोगाओं को अनुभाग का चार्ज दिया जाए इसके साथ ही सहायक वन कर्मचारी संघ दक्षिणी कुमाऊं वृत्त नैनीताल को संघ भवन उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई। संघ के पदाधिकारियों के मुताबिक सभी मांगों पर वन संरक्षक बीजू लाल टीआर द्वारा अतिशीघ्र निराकरण करने हेतु सहमति व्यक्त की गई है जिस पर संघ द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया है। वार्ता में सहायक वन कर्मचारी संघ (दक्षिणी कुमाऊं वृत्त) के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, मंत्री रणजीत सिंह थापा तथा भूमि संरक्षण वन प्रभाग के अध्यक्ष जीवन कांडपाल तथा भगवती प्रसाद जोशी शामिल रहे।



# साईबर ठगों की शिकार हुई महिला, लालच में आकर कई लाख गंवाए

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस ने लोगों को साईबर अपराध के प्रति जागरूक करने के बाद भी लोग लालच में आकर ऑनलाईन धोखाधड़ी का शिकार होकर खून पसीने की कमाई के लाखों रूपये गंवा रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला सामनें आया है।

एक महिला आनलाईन शेयर बाजार में प्राफिट की लालच में आकर लाखों रूपये की धोखाधड़ी का शिकार हो गई। महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अनुराधा साह निवासी वीर हकीकत राय मार्ग रूद्रपुर ने पुलिस को बताया कि उसने गूगल पर शेयर मार्केटिंग ट्रेडिंग व निवेश सम्बन्धी विज्ञापन सर्च किया। अचानक व्हाट्सअप के माध्यम से एक अज्ञात व्हट्सअप ग्रुप ज्वाइन कर दिया। इस ग्रुप के एडमिन ने स्वयं को रिसेप्सनिस्ट बताया था जिस ग्रुप में अन्य लोग भी ज्वाइन थे। इनके द्वारा शुरू में लाभ हानि के बारे में जानकारी देकर अपने अपने प्रोफिट के स्क्रीन शॉट शेयर किये जाते थे एवं निवेश हेतु चैटिंग के माध्यम से बोला जाता था। ग्रुप पर चल रही चैटिंग को देखकर उसने भी एप्लिकेशन में फ्लैश किये गये बैंक खातों 3-51 लाख रूपये की धनराशि जमा की। धनराशि जमा करने के पश्चात जब उसने प्रोफिट चार्ट पर काफी धनराशि देखी तो उसने विड्राल लगाया।

उनके द्वारा प्रोसेसिंग चार्ज व जीएसटी टैक्स मांगने लगे तभी उसे ठगी होने का एहसास हुआ। पीड़िता के मुताबिक पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# छात्रा ने मनचले की छेड़छाड़ से स्कूल जाना छोड़ा, मुकदमा

**रुद्रपुर।** एक मनचले की छेड़छाड़ से तंग आकर कक्षा 10 की एक छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस की टीमें गठित की गई है। रुद्रपुर निवासी एक महिला ने एक युवक पर उसकी बेटी को स्कूल आते- जाते परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ब

# आदित्य गुरूरानी ने एशियन क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीते 3 गोल्ड व 1 सिल्वर मेडल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी के मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की संस्था रोशनी सोसायटी के पुनर्वास केंद्र के एक डाउन सिंड्रोम युवक आदित्य गुरूरानी ने भारत के लिए एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप ताशकंद उज्बेकिस्तान में रचा इतिहास जीते 3 गोल्ड मेडल और 1 सिल्वर मेडल।

आदित्य गुरूरानी के इस उपलब्धि से आदित्य का पूरा परिवार और रोशनी सोसायटी के सभी अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है । जो अभिभावक परिवार में जन्मे बच्चों की मानसिक दिव्यांगता के चलते निराश हो गए हैं उनमें आशा की एक किरण बनके उभरा है




आदित्य। आदित्य के पिता योगेश गुरुरानी जो रोशनी सोसायटी के पदाधिकारी सदस्य भी हैं उन्होंने इसे अपने जीवन की एक बड़ी खुशखबरी बताया है आदित्य की मां श्रीमती जया गुरुरानी जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रही हैं,ने बेहद भावुक होकर कहा कि उनके लिए एक सपना जैसा है जिसे आदित्य ने पूरा किया है आदित्य की बहन स्वाती गुररानी आदित्य के सहयोगी के रूप में उसके साथ उज्बेकिस्तान गयीं हुई हैं और बेहद खुशी के साथ आदित्य की तस्वीरें वहां से भेजती रहीं हैं। रोशनी सोसायटी के पुनर्वास केंद्र में रोशनी सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती शिवानी पाल उपाध्यक्ष श्रीमती हेमा परगांई सचिव श्री गोविन्द मेहरा एवं सभी थैरेपी स्टाफ, स्पेशल एजुकेटर एवं अन्य टीचर्स एवं सेंटर के सभी मानसिक दिव्यांग बच्चों ने आदित्य से वीडियो काल पर बात कर उसे बधाई दी और खुशी का इजहार किया।

रोशनी सोसायटी के पदाधिकारियों ने इसे एक बेहद महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और सभी अभिभावकों के लिए प्रेरणादायक पल के रूप में आदित्य की इस उपलब्धि को आंका है।